आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.04.2026 समय : 1905

- **सरकार ने जनगणना की रियल—टाइम निगरानी के लिए 'जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली' पोर्टल तैयार किया है।**
- **अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से टीबी मुक्त भारत अभियान — सौ दिवसीय गहन अभियान चलाया जा रहा है।**
- **द्वीपसमूह में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को गति देने के लिए 'कंपनी अधिनियम और कंपनी मामलों पर संवेदीकरण' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।**
- **वनवासी कल्याण आश्रम, बकुलतला में चार मई से तीन दिवसीय आवासीय 'वनवासी युवा शिविर' का आयोजन किया जाएगा।**

<><><><><><>

जनगणना प्रशासन का एक मुख्य आधार बनी हुई है। इससे नीतियां बनाने और सबको साथ लेकर विकास करने के लिए विश्वसनीय जानकारी प्राप्त होती है। इस बार की जनगणना नई और विस्तृत जानकारी देकर इस व्यवस्था को और मज़बूत करेगी। यह पहली ऐसी जनगणना होगी जो पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से की जाएगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस जनगणना के लिए ग्यारह हज़ार सात सौ करोड़ रुपये से ज़्यादा के वित्तीय खर्च को मंज़ूरी दे दी है। यह जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहला चरण, जिसमें घरों की सूची बनाना और आवासों की जनगणना शामिल है, इस साल अप्रैल से सितंबर के बीच होगा। वहीं, दूसरा चरण, जिसमें जनसंख्या की गिनती की जाएगी, फरवरी 2027 में होना तय है; इसमें लोगों से जुड़ी जनसांख्यिकीय, सामाजिक—आर्थिक और सांस्कृतिक जानकारी इकट्ठा की जाएगी। इस चरण के दौरान जाति से जुड़ा डेटा भी इकट्ठा किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में मदद करने के लिए, सरकार ने 'जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली' पोर्टल तैयार किया है, जिसके ज़रिए काम की रियल—टाइम निगरानी की जा सकेगी। जनगणना के लिए संदर्भ तिथि पहली मार्च 2027 की आधी रात तय की गई है।

<><><><><><>

आकाशवाणी के नब्बेवें वर्ष के उपलक्ष्य में, एक नई सिग्नेचर ट्यून बनाने की प्रतियोगिता शुरु की गई है। इसका उद्देश्य आकाशवाणी के विशिष्ट कार्यक्रमों के लिए ऐसा संगीत तैयार करना है जो विषय—वस्तु के अनुरूप हों और श्रोताओं को आकर्षित करें। सभी धुनें केवल वाद्य संगीत पर आधारित होनी चाहिए। ये धुनें एमपी—थ्री या डब्ल्यू ए वी फॉर्मेट में स्वीकार की जाएंगी। प्रथम पुरस्कार विजेता को 30 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार विजेता को बीस हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार पर दस हजार रुपये दिए जाएंगे। पांच—पांच हजार रुपये के दस सांत्वना पुरस्कार भी होंगे। आकाशवाणी ने जिंगल बनाने के लिए भी प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। यह एफएम गोल्ड, एफएम रेनबो और विविध भारती के विशेष संदर्भ में है। जिंगल की भाषा हिंदी या अंग्रेजी होनी चाहिए। प्रतिभागी प्रत्येक चौनल के लिए एक और अधिकतम तीन जिंगल भेज सकते हैं। प्रथम पुरस्कार बीस हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार पन्द्रह हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार दस हजार रुपये है। इसके अलावा ढाई हजार रुपये के दस सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

<><><><><><>

राष्ट्रीय दिशा—निर्देशों के अनुपालन के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से टीबी मुक्त भारत अभियान — सौ दिवसीय गहन अभियान चलाया जा रहा है। विश्व टीबी दिवस के अवसर पर राज्य स्तर पर स्वास्थ्य आयुक्त—सह—सचिव डॉ. सचिन शिंदे और जिला स्तर पर संबंधित उपायुक्तों द्वारा इस अभियान का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस अभियान के मुख्य उद्देश्य कमजोर आबादी और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में टीबी के मामलों की जल्द पहचान करना, मृत्यु दर में कमी, निवारक उपचार, जनभागीदारी और मधुमेह, उच्च रक्तचाप, एनीमिया और कुपोषण जैसी बीमारियों की शुरुआती पहचान करना है। इस अभियान के दौरान आयुष्मान आरोग्य शिविर, संस्थान आधारित सेवाएं और टीबी, गैर—संचारी रोग और सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं का एक साथ संचालन के लिए एकीकृत सेवाएं जैसी गतिविधियां चलाई गई। प्रशासन ने सभी नागरिकों से टीबी के खिलाफ इस लड़ाई में शामिल होने की अपील की है। साठ वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोग, कुपोषित, मधुमेह रोगी, धूम्रपान और शराब का सेवन करने वाले या टीबी मरीजों के संपर्क में रहने वाले लोगों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर अपनी जांच कराने और निक्षय मित्र बनने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><>

उद्योग निदेशालय ने कंपनी रजिस्ट्रार, चेन्नई के सहयोग से कल 'कंपनी अधिनियम और कंपनी मामलों पर संवेदीकरण' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। उद्योग सचिव पल्लवी सरकार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉर्पोरेट कानूनों को सरल बनाना, व्यापार के औपचारिकीकरण को बढ़ावा देना और आत्मनिर्भर भारत एवं मेक इन इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप द्वीप समूह में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को गति देना था। इस कार्यशाला में उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों, उद्योग संघों के प्रतिनिधियों, स्टार्टअप्स और उद्यमियों सहित लगभग सत्तर प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उप कंपनी रजिस्ट्रार ऐशला वामशी कृष्ण ने मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप में कंपनी गठन, वैधानिक अनुपालन, प्रशासन, और फंडिंग के बारे में जानकारी दी। उद्योग निदेशक अतुल सोनी ने प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, ओ पी सी या एल एल पी के रूप में पंजीकरण और इसके महत्व पर जोर दिया। कार्यशाला में सफल स्टार्टअप संस्थापकों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में एक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने कंपनी संरचना, स्टार्टअप इंडिया के विशेषाधिकारों और नियामक कमियों से बचने के तरीकों पर चर्चा की।

<><><><><><><>

वनवासी कल्याण आश्रम, बकुलतला की ओर से युवाओं के लिए चार से छः मई तक तीन दिवसीय आवासीय 'वनवासी युवा शिविर' का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, चरित्र–निर्माण, नेतृत्व कौशल, संगठनात्मक क्षमता, सेवा भावना और राष्ट्रवाद विकसित करना है। प्रतिभागियों को अपने जरूरी सामानों के साथ शिविर में चार मई, शाम तीन बजे उपस्थित रहने को कहा गया है। इसमें दस वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लड़के और लड़कियां भाग ले सकते हैं। पंजीकरण शुल्क सौ रूपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है। शिविर के दौरान शारीरिक व्यायाम, समूह गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और बौद्धिक सत्र शामिल हैं। पंजीकरण के लिए कमला केरकेट्टा और मनोज बरला से फोन पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

हटबे पुलिस थाना की टीम ने नशीले पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए आठ गांजे के पौधे जब्त कर एक व्यक्ति को एनडीपीएस अधिनियम उन्नीस सौ पचासी के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना प्रभारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने तलाशी के दौरान, दिगंत हलदर नामक व्यक्ति के घर के पीछे के हिस्से से तिरालीस ग्राम गांजे के पौधे बरामद किया। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह पूरा अभियान दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगथन की देखरेख में संपन्न हुआ।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस के विभिन्न इकाईयों में ग्रुप–बी और ग्रुप–सी के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन सत्ताईस अप्रैल दिन में ग्यारह बजे से किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि सत्रह मई मध्यरात्रि तक है। आवेदन फार्म विभाग के वेबसाइट के अलावा प्रशासन के भर्ती पोर्टल पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार पुलिस मुख्यालय में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक सभी कार्य दिवसों में संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने शहर के सभी क्षेत्रों में उपलब्ध जल संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अस्थायी जल आपूर्ति समय सारिणी जारी की है। समय सारणी नगरपालिका परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। यह जानकारी क्यू आर कोड को स्कैन करके भी प्राप्त किया जा सकता है। परिषद ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

<><><><><><><>